# 'नजर' एप पर किरायेदार, नौकरों और कर्मचारियों से जुड़ी सूचनाएं अपलोड करें : पुलिस कमिश्नर

## आमजन और उनकी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए पुलिस रखेगी इस एप के जरिए संदिग्धों पर नजर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने आमजन से आव्हान किया कि 'नजर' सिटीजन एप पर किरायेदारों, नौकरों और कर्मचारियों की अधिक से अधिक सूचनाएं अपलोड करें। आमजन और उनकी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए पुलिस संदिग्धों पर नजर रखेगी। यह डेटा हुलिया बदलकर छिपने वाले बदमाशों को पकड़ने में भी कारगर साबित होता है। पुलिस कमिश्नर ने यह बात रविवार को महेश नगर सामुदायिक केंद्र पर जयपुर पुलिस द्वारा तैयार 'नजर' एप के बारे में आमजन को जानकारी देते हुए कही।




**पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने रविवार को महेश नगर सामुदायिक केंद्र पर जयपुर पुलिस द्वारा तैयार 'नजर' एप के बारे में आमजन को जानकारी दी।**

पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने जयपुरवासियों को इस मोबाइल एप से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि महेश नगर क्षेत्र में सबसे अधिक छात्र पढ़ने के लिए बाहर से आते हैं, इसी इलाके में बहुतायत में किराएदार और पेइंग गेस्ट हैं। इसलिए "नजर" सिटीजन एप के प्रमोशन की शुरुआत सबसे पहले इसी क्षेत्र से की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जयपुर पुलिस आयुक्त ने चंद्रशेखर का विशेष रूप से आभार व्यक्त व्यक्त किया, जिन्होंने इस एप को बनाने में विशेष योगदान दिया।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जयपुर शहर में निवास करने वाले आम नागरिक और उसकी सम्पत्ति की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तीसरी आंख सुरक्षा में तैनात रहेगी। इसके लिए नागरिकों को अपने मोबाइल में नजर सिटीजन एप डाउनलोड कर उसमें घर बैठे ही अपनी डिटेल भरनी होगी। एप पर अपना डेटा फीड करने के बाद यह स्वत: ही बीट कांस्टेबल को प्रदर्शित हो जाएगा। कमिश्नरेट के दायरे में रह रहे नौकरों व किराएदारों का सर्वे करने व प्रत्येक व्यक्ति और उसकी सम्पत्ति को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जयपुर पुलिस का यह महत्वपूर्ण प्रयास है।

उन्होंने बताया कि एप डाउनलोड करने के बाद डेटा फीड करते समय उसमें बिजली बिल का के.नम्बर अनिवार्य रूप से भरना होगा। इससे मकान, दुकान, होटल, ऑफिस और हॉस्टल पर लगे विद्युत विभाग के.नम्बर से संपत्ति की पहचान हो सकेगी। एप में नौकरों, किराएदारों एवं दुकानों पर कार्यरत कार्मिको के मोबाइल नम्बर, आईडी प्रूफ इत्यादि की जानकारी दर्ज करनी होगी। एप में जानकारी फीड होने के साथ ही नज़र पुलिस ऑफिसर्स एप्लीकेशन सक्रिय हो जाएगा, जिसके माध्यम से डेटा बीट कांस्टेबल के पास जाने के साथ ही वह उसे वैरिफाई करेगा और उसके बाद रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस के द्वारा स्वत: ही सूचना प्रेषित हो जाएगी।

### घर सूना है तो एप पर डालनी होगी सूचना

यदि मकान मालिक या संपत्ति का मालिक एक से अधिक दिनों के लिए घर से बाहर जा रहा है और घर सूना है तो ऐसी स्थिति में एप के माध्यम से पुलिस को सूचित किया जा सकता है। एप पर यह जानकारी डालने के साथ ही संबंधित बीट अधिकारी को इसका पता चल सकेगा और गश्ती दल द्वारा उस क्षेत्र में अधिक प्रभावी तरीके से मॉनिटरिंग की जा सकेगी एवम् इससे अवैध और संदिग्ध वाहनों की पहचान भी, अगर डिजिटल रिकॉर्ड संग्रहित हो तो हो सकती है।

नजर सिटिजन एप प्रमोशन कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आयुक्त द्वितीय कुंवर राष्ट्रदीप ने कार्यक्रम में शामिल आमजन की एप से ही संबंधित विभिन्न सवालों का जवाब दिया।नजर एप तमाम लाभ के बारे में लोगों को बताया। साथ ही लोगों से उनकी विभिन्न तरह की समस्याओं के बारे में जाना और उनका समाधान का आश्वासन दिया।इस दौरान महेश नगर इलाके के लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और इस एप को सफल बनाने एवम प्रचार करने का वादा किया।

### आमजन को दी एप की विस्तृत जानकारी

चंद्रशेखर ने नजर सिटिजन एप प्रोमोशन कार्यक्रम में एप से संबंधित जानकारियों के बारे में विस्तार से बताया गया।शहरवासी अपने मोबाइल फोन में नजर सिटीजन एप्लीकेशंस (एप) डाउनलोड कर उसमें मकान मालिक,दुकान मालिक,पी जी मालिक,होटल व्यवसायी एवं सभी प्रकार के व्यापारिक संस्थान अपने नौकर,किरायदार एवं कर्मचारी के नाम मोबाइल,वैध आई डी फोटो अपलोड कर उनका वेरिफिकेशन घर बैठे ही कर सकते हैं।

नजर एप से किरायेदार,नौकरों एवं कर्मचारियों की पहचान सुनियोजित करने के साथ-साथ इस एप्लीकेशन के माध्यम से मकान मालिक या व्यापारी,अपने किरायेदारों और नौकरों की पहचान को डिजिटल रूप से सुरक्षित कर सकते हैं। मकान मालिक एवं दुकान मालिक के पास अपने वर्तमान और पूर्व किरायेदारों, नौकरों एवं कार्मिकों का डेटा डिजिटली संग्रहित रहेगा, जिससे उन्हें भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर यह जानकारी उपलब्ध रहेगी।प्रवासियों का रिकॉर्ड संग्रहण:जयपुर में आये प्रवासियों के रिकॉर्ड को सुरक्षित और संगठित तरीके से रखा जा सकेगा।डिजिटल रिकॉर्ड का संग्रहण: सभी नागरिकों का डिजिटल रिकॉर्ड पुलिस के पास सुरक्षित रहेगा, जिससे कानून व्यवस्था में सुधार होगा।

### एप में डेटा अपलोड का यह फायदा

जयपुर शहर में रह रहे आमजन, व्यापरियों व व्यवसायियों को और अधिक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से घर और सम्पत्ति तथा किराएदारों-नौकरों की पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी। एप्लीकेशन के माध्यम से घर बैठे ही नौकरों और किराएदारों की संपूर्ण जानकारी आसानी से पुलिस से साझा की जा सकेगी। वहीं मकान मालिक के पास भी उनका डेटा संग्रहित हो सकेगा। एप के माध्यम से प्रवासियों के रिकॉर्ड का संग्रहण हो सकेगा। साथ ही शहर में छिपकर रह रहे बाहरी उपद्रवियों की आसानी से पहचान हो सकेगी। एप प्रमोशन कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त दक्षिण पारस जैन एवं विभिन्न थाना इलाकों से चुनिंदा कांस्टेबल जो इस एप के नोडल अधिकारी,सीएलसी मेंबर्स एवं आमजन उपस्थित रहे।

## वी.सतीश कुमार ने संभाला इंडियन ऑयल अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली**। वी. सतीश कुमार ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल) के अध्यक्ष के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभाला है। वह निदेशक (विपणन) के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए समवर्ती रूप से अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे, इस पद पर वह अक्टूबर 2021 से हैं। उन्होंने अक्टूबर 2022 से एक वर्ष की अवधि के लिए निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला, यह अवधि यूक्रेन-रूस संघर्ष के कारण भू-राजनीतिक तनाव की विशेषता थी।



35 वर्षों के लंबे करियर के साथ, वी. सतीश कुमार ने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा की है और प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जिससे इंडियन ऑयल ने पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में अपना नेतृत्व बनाए रखने के प्रयासों का नेतृत्व किया है। उन्होंने बहुराष्ट्रीय तेल कंपनियों के साथ जुड़ने का भी व्यापक अनुभव प्राप्त किया है, वे इंडियन ऑयल और पेट्रोनास (मलेशिया) के संयुक्त उद्यम इंडियन ऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड जो इंडियनऑयल की सहायक कंपनी है उसके गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और इंडियन ऑयल मॉरीशस लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। निदेशक (विपणन) के रूप में उन्होंने "राष्ट्र प्रथम" और "हमेशा ड्यूटी पर" की भावना का उदाहरण पेश करते हुए प्राकृतिक आपदाओं या अन्य व्यवधानों के दौरान भी विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की। उनके नेतृत्व में मार्केटिंग डिवीजन ने पिछले 3 वर्षों में साल दर साल उच्चतम भौतिक प्रदर्शन सुनिश्चित किया।

## बोधि रचनाकार मंच की काव्य गोष्ठी

**जयपुर**। बोधि प्रकाशन- जयपुर द्वारा नए रचनाकारों को प्रेरित करने एवं मंच प्रदान करने के मकसद से गठित किए गए "बोधि रचनाकार मंच" की चूरू इकाई द्वारा प्रथम काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को नगर चूरू के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष बाबूलाल जी शर्मा, मुख्य अतिथि ओमप्रकाश तंवर तथा बोधि रचनाकार मंच चूरू इकाई के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा खामोश से सुसज्जित मंच ने सर्व प्रथम मां सरस्वती के सम्मुख अगरबत्ती कर कार्यक्रम का आगाज किया। इंदिरा सिंह की सरस्वती वंदना से आरंभ हुई काव्य गोष्ठी में रोहिताश, मुकेश शर्मा, पिंटू शर्मा, मंगल भारती, प्रमोद शरबत, मनीष सरिता कुमार , संदीप जांगिड़, गीता रावत, इंदिरा सिंह, बुधमल सैनी, दीपक कामिल, हरि सिंह, विजय कान्त, बाबू खां नूर, इदरीस खत्री राज और बनवारी लाल शर्मा खामोश ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से गोष्ठी को परवान चढ़ाया और खूब वाहवाही बटोरी। स्वागत भाषण बनवारी लाल शर्मा ने दिया और रचनाकार मंच के सह संयोजक इदरीस खत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## युवक से परेशान छात्रा ने लगाया फांसी का फंदा

**जयपुर**। मुहाना इलाके में युवक से परेशान होकर एक 12वीं क्लास की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतक छात्रा के पिता ने आरोपित लड़के के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। मृतका के पिता रामवतार जांगीड़ का फर्नीचर का बिजनेस है। मृतका की चार बड़ी बहने और एक छोटा भाई है। इनमें से तीन बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। बाकी सभी लोग घटना के वक्त घर से बाहर थे। पुलिस ने बताया कि अचरावाला सांगानेर निवासी 19 वर्षीय मोना 12वीं क्लास में पढ़ती थी। जिसने अपने कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान घर पर कोई नही था। परिजनों के घर लौटने पर कमरा अंदर से लॉक मिला। काफी खटखटाने व आवाज लगाने के बाद भी मोना ने कोई जवाब नहीं दिया। पडौसियों की मदद से धक्का देकर गेट खोला तो मोना फंदे से लटकी मिली। मोना के पिता ने विष्णु शर्मा नाम के लड़के के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि पिछले काफी समय से घर के पास स्थित श्याम धर्मकांटा पर बैठने वाला विष्णु शर्मा नाम का लड़का उसे परेशान कर रहा था। घर से निकलने पर पीछा करने के साथ ही मोबाइल पर बात करने का दबाव बनाता था। परेशान होकर मोना ने घरवालों को विष्णु शर्मा की करतूत बताई। बेटी के आपबीती सुनाने पर पिता रामवतार जांगिड़ ने विष्णु को बैठाकर समझाया। कुछ दिन सही रहने के बाद दोबारा विष्णु ने मोना को परेशान करना शुरू कर दिया। मोना के बताने पर दोबारा विष्णु को बुलाकर समझाया था। आत्महत्या से एक दिन पहले रात को मोना ने विष्णु शर्मा के टॉर्चर करने के बारे में बताया था। मोना कह रही थी कि विष्णु शर्मा ने अभी-भी उसका पीछा नहीं छोड़ा है। बात नहीं करने पर पापा और छोटे भाई का मारने की धमकी देता है।

## तीन किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार के पास से गांजा 3 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर पुलिस बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले नरेन्द्र जाट निवासी उच्चैन जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेन्द्र यह गांजा भरतपुर के पास कारौठ गांव के रहने वाले राजवीर के पास से 24 हजार रुपये में खरीद कर जयपुर के जगतपुरा में बलराम नाम के व्यक्ति को देने जा रहा था। बलराम ने उसे स्वयं फोन कर बताया था कि जब वह जगतपुरा आ जायेगा तब वह स्वयं उससे से उक्त गांजा ले लेगा।

## राज्यपाल बागड़े ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को अखिल भारतीय गौ शाला सहयोग परिषद द्वारा गौ ऋषि प्रकाशदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित महा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने वहां रक्तदान करने वाले दानदाताओं से संवाद करते हुए उनका अभिनंदन किया और प्रमाणपत्र प्रदान किये। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, यह जीवनदान है। यह करके आप कहीं भी किसी की जान बचा सकते हैं। बागडे ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान अमूल्य है। इसके लिए निरंतर जागरूकता की जाए और अधिकाधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाए। राज्यपाल बागडे ने गौ ऋषि प्रकाशदास महाराज की प्रेरणा से आयोजित रक्तदान शिविर को महत्वपूर्ण बताया। आरंभ में राज्यपाल को अखिल भारतीय गौ सेवा सहयोग परिषद के डॉ. अतुल गुप्ता ने रक्तदान और गौ सेवा से जुड़ी गतिविधियों के बारे में बताया।

## कल्चरल कारवां उत्सव संपन्न



**जवाहर कला केन्द्र व जश्न ए अदब की सहभागिता में आयोजित कल्चरल कारवां में साहित्य, लोक कला व संगीत पर चर्चा की गई।**

**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र और जश्न ए अदब की सहभागिता में आयोजित कल्चरल कारवां उत्सव ने साहित्य, लोक कला और संगीत के सौंदर्य से सराबोर करने के बाद रविवार को जयपुर को अलविदा कहा। अंतिम दिन युसुफ खान व उनके साथियों ने भपंग वादन, फकीरा खान भादरेश ने लोक व सूफी गीतों की मनोरंजक प्रस्तुति दी। अभिनेता व प्रोड्यूसर फैसल मलिक और अभिनेता अंजुम शर्मा ने ओटीटी प्लेटफॉर्म, एक्टिंग व फिल्मों पर चर्चा की। विधा लाल ने कथक की मनमोहक प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन और मुशायरे में सुरेन्द्र शर्मा और प्रो. वसीम बरेलवी, मदन मोहन दानीश, बनज कुमार बनज, मोइन शादाब, रमेश शर्मा, कुंवर रणजीत चौहान समेत प्रसिद्ध कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा।फकीरा खान भादरेश व उनके साथियों की फोक म्यूजिक और सूफी सॉन्ग परफॉर्मेंस ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।सैयद साहिल आगहा ने दास्तानगोई में रोचक किस्से सभी के सामने रखे। विधा लाल की प्रस्तुति में पारंपरिक बंदिशों पर कथक प्रस्तुत किया गया। इधर कुंवर रणजीत चौहान के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म, एक्टिंग और फिल्मों पर बात करते हुए फैसल मलिक ने कहा कि ओटीटी के आने के बाद एक्टिंग फील्ड में करियर बनाने की चाह रखने वाले कलाकारों के लिए मौके बढ़े है।

## भेड-बकरियां चुराने वाले छह बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भेड़-बकरियां चोरी करने वाली गैंग के छह बदमाशों को धर-दबोचा है। पुलिस ने आरोपितों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक पिकअप भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भेड़-बकरियां चोरी करने वाली गैंग वकील बंजारा,सूरज बंजारा,पांडू बंजारा, महेंद्र बंजारा, बच्चन बंजारा और बच्चे बंजारा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अलवर जिले रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वारदात करने के लिए गांव के बारह रास्ते के नजदीक एकांत स्थान को चोरी के लिए चिन्हित करते है। गिरफ्तार अपराधी गैंग के सदस्य गिरोह बनाकर भैंस, पांडे, भेड़ व बकरी चोरी करने की वारदात करते है। चोरी करने के स्थान को चिन्हित कर उस स्थान पर एक या दो दिन पहले पिकअप व बाइक से आ जाते हैं व पिकअप को हाईवे के आसपास ढाबों पर खड़ी करके मोटरसाइकिल से रैकी करके रात के अंधेरे में चोरी करते थे।

## उद्यमी गौरव रुंगटा को थाईलैंड में मिला अवार्ड

**जयपुर**। मान स्ट्रक्चरल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गौरव रुंगटा को एशिया पैसिफिक एंटरप्राइज अवॉर्ड 2024 के क्षेत्रीय संस्करण में पॉवर सेक्टर में 'एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह 30 अगस्त, 2024 को बैंकॉक, थाईलैण्ड में आयोजित किया गया।




गौरव रुंगटा ने कहा कि "यह सम्मान प्राप्त करना मेरे देश और मेरी पूरी टीम के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान हमारे द्वारा किए गए अथक परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। हम हमेशा नई ऊंचाइयों को छूने का प्रयास करते रहे हैं और इस प्रतिष्ठित मंच पर मान्यता प्राप्त होना हमारे लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। हमने एक अरब लोगों के सपनों को रोशनी पहुँचाने का सपना देखा है। यह पुरस्कार हमें हमारे इस सपनों को साकार करने में होंसला देगा।" एशिया पैसिफिक एंटरप्राइज अवॉर्ड्स एशिया में 'एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर' अवॉर्ड एशिया के उद्योग जगत में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है। 16 देशों में सफलतापूर्वक आयोजित होने वाले इस अवॉर्ड कार्यक्रम का उद्देश्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में स्थायी उद्यमशील विकास को बढ़ावा देना है। के क्षेत्रीय संस्करण में उन व्यावसायिक नेताओं और उद्यमों को एक मंच पर लाया जाता है जिन्होंने असाधारण प्रदर्शन किया है। इस वर्ष, कई भारतीय उद्यिमयों ने के लिए नामांकन भरे, लेकिन रुंगटा के नेतृत्व में 10 देशों में की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों ने उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान का हकदार बनाया। उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव ने उन्हें अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में सबसे अलग बना दिया।

## पति ने वृंदावन जाने से मना किया तो महिला ने घर छोड़ा

**जयपुर**। पति ने वृंदावन जाने से मना किया तो एक महिला ने घर छोड़ दिया। घटना के सम्बंध में पति ने महिला की खोह नागोरियान थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। वृंदावन जाने की जिद करने पर पति ने मना करने पर वह गुस्सा हो गई थी। पुलिस ने बताया कि जगदम्बा कॉलोनी त्रिवेणी नगर खोह नागोरियान निवासी राखी देवी उर्फ बबली (46) की गुमशुदगी दर्ज करवाई गई है। शिकायत में उनके पति हरिश चंद योगी ने बताया कि 28 अगस्त को सुबह उनकी पत्नी राखी वृंदावन मथुरा जाने की कहने लगी। बार-बार वृंदावन मथुरा जाने की जिद करने लगी। जिद करते देखकर राखी को जाने से मना कर सुबह करीब 10 बजे अपने काम पर चला गया। पीछे से गुस्से में पत्नी रेखा घर छोड़कर चली गई। बेटे के लौटने पर घर खुला मिलने के साथ राखी गायब मिली।

## चेन स्नेचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**। प्रताप नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व ने कार्रवाई करते हुए घर के बाहर एक महिला को धक्का देकर गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ने वाले दो आरोपितों को पकडा है और साथ ही उनके पास से छीनी की गई सोन की चेन भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस और डीएसटी ने चेन स्नैचर देशराज मीणा और रवि मीणा निवासी बालाघाट गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया है।

## कर्मचारी महासंघ ने खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग उठाई

**जयपुर**। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि घोषणा के बाद भी कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किए जाने से कर्मचारियों में काफी आक्रोश है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 29 जुलाई 2024 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा करते हुए घोषणा की थी कि गत सरकार द्वारा गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की वेतन सुधार-वेतन विसंगति संबंधी सभी सिफारिशों को 1 सितंबर 2024 से लागू किया जाएगा। लेकिन घोषणा के बाद से आज तक कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। राठौड़ ने बताया कि खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में 5 अगस्त 2021 को वेतन विसंगति परीक्षण समिति का गठन किया गया था। जिसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को 30 दिसंबर 2022 को प्राप्त हो चुकी है। इससे पूर्व 3 नवंबर 2017 को भी राज्य सरकार ने श्री डी सी सामंत की अध्यक्षता में वेतन विसंगति निवारण समिति का गठन किया था। उसकी रिपोर्ट भी 5 अगस्त 2019 को सरकार को प्राप्त हो चुकी है। लेकिन सरकार ने इन दोनों कमेटियों की रिपोर्ट को आज तक सार्वजनिक नहीं किया है।

## सार-समाचार

### 'जनसहभागिता से लगे सोलर सिस्टम'




**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम की विद्युत समिति के चेयरमैन और सांगानेर क्षेत्र के वार्ड 68 से पार्षद हरीश शर्मा ने जनसहभागिता से सोलर सिस्टम लगाये जाने की मांग उठाई है। हरीश शर्मा ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य से मुलाकात करके इस संबंध में निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से भी इस संबंध में मांग रखी जायेगी। हरीश शर्मा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोसिंह शेखावत के समय जन सहभागिता से योजनाएं संचालित होती थीं। जयपुर समेत प्रदेशभर के धार्मिक स्थलों, सामुदायिक भवनों और विभिन्न समाजों के भवनों पर सोलर सिस्टम लगाने का काम पार्षद, विधायक व सांसद कोटे से और भामाशाहों के सहयोग से करवाया जायेगा तो प्रदेश में सौर ऊर्जा का सही उपयोग होगा और राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं आएगा।

### सुरेंद्र पारीक को मिलेगा साहित्य सम्मान



**जयपुर**। साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित प्रयास संस्थान, चूरू अपने पुरस्कार, सम्मानों की श्रृंखला में चूरू क्षेत्र के स्थानीय साहित्यकारों, साहित्य सेवियों के लिए अंचल में जन्मे प्रख्यात साहित्यकार मोहन आलोक की स्मृति में स्थापित 'मोहन आलोक साहित्य सम्मान' की कड़ी में वर्ष 2024 के लिए चूरू निवासी साहित्यकार सुरेंद्र पारीक रोहित को सम्मानित करेगा। प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि पंद्रह सितंबर, रविवार को चूरू में सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल, साफा, प्रतीक चिह्न आदि प्रदान कर सम्मान्य साहित्यकार सुरेंद्र पारीक रोहित की सेवाओं को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले साहित्यकार शंकर लाल झकनाड़िया को भी यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है।

### श्री प्रेमभाया मंदिर में नन्दोत्सव की धूम



**जयपुर**। श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा मंदिर श्रीप्रेमभाया सरकार, हरियुगल विहार, चन्दलाई , शिवदासपुरा टोंक रोड, पर 1सितम्बर 2024 को श्री प्रेमभाया सरकार का नन्दोत्सव मनाया गया। जिसमें दीपक शर्मा ने गणेश वंदना रिद्धि सिद्धि रा भरतार नित की लाडू खावे छै गढ गणेश छ नाम बैठ्या मौज उडावै छै...... के साथ नन्दोत्सव प्रारंभ हुआ। अभिषेक साहु ने म्हारी लैरां लाग्यो आवै छै यो मुरली हालों श्याम........ बनवारी सैनी ने बधाई नंद कै घराणै कान्हों आयो..... राघव खण्डेलवाल ने माई यशोदा ! थारो लाडलो माटी खावै छै.... के साथ अन्य गायको ने ढूंढाडी भजनों से भक्ति रस बरसाया। इस अवसर पर श्री प्रेमभाया सरकार के गुलाब के फूल बंगले की झांकी सजाई गई पूरे मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। भक्तो में बधाई बांटी गई।

### मणिपाल अस्पताल ने जीता खिताब




**जयपुर**। जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस (जेएचडब्ल्यू) द्वारा टोंक रोड स्थित स्वेट जोन स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित दो दिवसीय 'कॉरपोरेट बॉक्स क्रिकेट लीग' का समापन रोमांचक फाइनल के साथ हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉरपोरेट ब्रांडों को एक साथ लाना और खेल भावना, टीम वर्क और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एक रोमांचक मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर जेएचडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह नाथावत ने ट्रॉफी जीतने पर मणिपाल अस्पताल को बधाई दी और उपविजेता टीम आवास फाइनेंस को फाइनल तक पहुंचने के लिए हौसला अफजाई की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नामदेव फाइनेंस के सेल्स हेड, मिहिर वैष्णव और इवन हेल्थ केयर के सेल्स हेड, रोहन इंदुलकर शामिल थे। जेएचडब्ल्यू के सह-संस्थापक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि, कॉरपोरेट बॉक्स लीग में 12 कॉर्पोरेट ब्रांडों ने भाग लिया। फाइनल मैच मणिपाल अस्पताल और आवास फाइनेंस के बीच हुआ, जिसे मणिपाल ने 3 रन से जीत कर ख़िताब अपने नाम किया। पहल के समर्थक आर.के. व्यास ने बताया कि इस अवसर पर आवास फाइनेंस से रिंकू अग्रवाल; इवन हेल्थ केयर से रोहन इंदुलकर; केयर हेल्थ इंश्योरेंस से राहुल पचोरी; टाटा हेल्थ इंश्योरेंस से विशाल शर्मा; नारायणा हेल्थ से बलविंदर वालिया; फोर्टिस हेल्थ केयर से मंजीत ग्रोवर; मणिपाल हॉस्पिटल से दरमानी; शेल्बी हॉस्पिटल से विशाल शर्मा और सूर्या हॉस्पिटल से आनंद बिहारी मौजूद थे।

### हज यात्रा के पहले शिविर में 12 आवेदन



**जयपुर**। हज यात्रा 2025 के आवेदनों के लिए आयोजित पहले शिविर में रविवार को 12 आवेदन भरे गये। हज हाउस मे एक ही छत के नीचे हज आवेदन करने वालों को सभी सहूलियत दी गई। हाजी शाहिद मौहम्मद ने बताया कि राजस्थान हज ट्रेनर्स की ओर से हज 2025 पर जाने वाले आज़मिने हज का हज आवेदन करने का पहला कैम्प रविवार को हज हाउस कर्बला, जयपुर में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक लगाया गया। यहां हज आवेदकों के ब्लड ग्रुप जांचने का काम अब्दुल सलाम ने किया और आवेदन भरने का कार्य आसिफ हमज़ा के नेतृत्व में इमरान, शाहरुख, मेहराज,आदी ने किया। कागजात की जांच अब्दुल अज़ीज़, मोहम्मद आसिफ, असलम साबरी और अब्दुल नफीस ने किया। अशफाक नकवी ने बताया कि दूसरा कैम्प 8 सितंबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक लगाया जायेगा।

### नशे के इंजेक्शन बेचने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। बजाज नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नशे के इंजेक्शन एविल की सप्लाई करने वाले आरोपी पंकज वंशकर निवासी बडोनी जिला दतिया (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 800 सौ से अधिक एविल इंजेक्शन जब्त किए है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।